# HIGH COURT BAR ASSOCIATION, ALLAHABAD
## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद

President: RAKESH PANDE 9415305760 | Hony. Secretary: AKHILESH KUMAR SHARMA 8299195968



**Senior Vice President**
Kamlesh Kumar Dwivedi (K.K. Dwivedi) 9415218794

**Vice President**
Amit Kumar Singh (Sonu) 9415218273
Vivek Mishra 9451839472
Raj Kumar Tripathi 9452694199
Hanuman Prasad Mishra 9889327523
Dinessh Varunn 9455191371

**Joint Secretary Administration**
Bairister Singh 9473957110

**Joint Secretary Library**
Shashi Kumar Dwivedi (UGRA) 9454922601

**Joint Secretary Press**
Rameshwar Dutt Pandey (R.D.) 9450589841

**Joint Secretary Women**
Bindu Kumari 8115194223

**Treasurer**
Anjani Kumar Mishra 9455686777

**Member of Governing Council**
Anjli Singh Tomar 9319442340
Kanak Kumar Tripathi 9792143333
Diwanshu Tiwari 9044930421
Baldev Shukla 9415772063
Abhishek Tiwari 6394044935
Tripti Yadav 9628644769
Artee Gupta 7235875648
Akhand Pratap Tripathi 9958395181
Gaya Prasad Mishra 9670056425
Girish Chandra Shukla 8318859092
Anirudh Singh 9415577807
Avnish Chandra Tripathi 9170009555
Krishna Mohan Pandey 9793086440
Aaditya Dhar Dweevedi 7054099116
Amit Singh (Sengar) 8726307979


Ref. No. ......................... Dated : ...........28.08.2025...

**प्रकाशनार्थ**

प्रयागराज! पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आज दिनांक 28.08.2025 (बृहस्पतिवार) को सायंकाल 04:15 बजे हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के नव-नियुक्त माननीय न्यायमूर्तिगण क्रमशः **माननीय न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा, माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार, माननीय न्यायमूर्ति श्री सन्दीप जैन, माननीय न्यायमूर्ति श्री अवनीश सक्सेना, माननीय न्यायमूर्ति श्री मदन पाल सिंह, माननीय न्यायमूर्ति श्री हरवीर सिंह, माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, माननीय न्यायमूर्ति श्री अब्दुल शाहिद, माननीय न्यायमूर्ति श्री सन्तोष राय एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री तेज प्रताप तिवारी** का स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उक्त स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के **अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डे, वरिष्ठ अधिवक्ता** की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसका संचालन **महासचिव, श्री अखिलेश कुमार शर्मा** एवं **संयुक्त सचिव प्रशासन श्री बैरिस्टर सिंह** द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में सभी माननीय न्यायमूर्तिगण, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन **अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डे, वरिष्ठ अधिवक्ता** एवं **महासचिव श्री अखिलेश कुमार शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी** द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन किया गया। इसके पश्चात **सभी माननीय न्यायमूर्तिगण** का हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के **अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डे, सीनियर एडवोकेट, महासचिव श्री अखिलेश कुमार शर्मा** सहित समस्त पदाधिकारियों/कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्रम् भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित स्वागत और अभिनंदन समारोह से अभिभूत माननीय न्यायमूर्ति श्री अवनीश सक्सेना ने कहा कि विचाराधीन मुकदमों को देखते हुए उच्च न्यायालय में और अधिक न्यायाधीशों की नियुक्ति की आवश्यकता है।

माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि बार और बेंच सामंजस्य के साथ मिलकर कार्य करे। माननीय श्री न्यायमूर्ति हरवीर सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद समुद्र की भांति है। समुद्र में जहाज बनकर ही रहना है, क्योंकि समुद्र में नाव नहीं चल सकती। न्यायमूर्तियों और अधिवक्ता दोनों को बड़कपन दिखाने की जरूरत है। जूनियर अधिवक्ताओं से अपील की कि वह न्याय कक्ष में आएं तो शॉर्ट ब्रीफ बनाकर आएं, और मुकदमा तैयार करके आएं, जिससे जूनियर अधिवक्ता तर्क प्रस्तुत कर सकें।

माननीय न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वागत समारोह के लिए बार एसोसिएशन का आभार जताया। न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रमुख सचिव न्याय के पद पर रहते हुए उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए चैंबर का निर्माण कराया था।

माननीय न्यायमूर्ति श्री अब्दुल शाहिद ने कहा कि न्याय कक्ष में अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारी के बीच सामंजस्य बेहतर हों इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। न्यायमूर्ति संतोष राय ने कहा कि स्वागत समारोह का जो कार्यक्रम रखा गया वह सराहनीय है। जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय की कार्यशैली बहुत भिन्न है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कार्य करते हैं, लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्तियों को मालूम है, अधिवक्ताओं को मालूम है कि हमे अपने कर्तव्य का पालन करना है।

क्रमशः ........... 2

# HIGH COURT BAR ASSOCIATION, ALLAHABAD
# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद

**President**
RAKESH PANDE ✆ 9415305760

**Hony. Secretary**
AKHILESH KUMAR SHARMA ✆ 8299195968



**Senior Vice President**
Kamlesh Kumar Dwivedi (K.K. Dwivedi) 9415218794

**Vice President**
Amit Kumar Singh (Sonu) 9415218273
Vivek Mishra 9451839472
Raj Kumar Tripathi 9452694199
Hanuman Prasad Mishra 9889327523
Dinessh Varunn 9455191371

**Joint Secretary Administration**
Bairister Singh 9473957110

**Joint Secretary Library**
Shashi Kumar Dwivedi (UGRA) 9454922601

**Joint Secretary Press**
Rameshwar Dutt Pandey (R.D.) 9450589841

**Joint Secretary Women**
Bindu Kumari 8115194223

**Treasurer**
Anjani Kumar Mishra 9455686777

**Member of Governing Council**
Anjli Singh Tomar 9319442340
Kanak Kumar Tripathi 9792143333
Diwanshu Tiwari 9044930421
Baldev Shukla 9415772063
Abhishek Tiwari 6394044935
Tripti Yadav 9628644769
Artee Gupta 7235875648
Akhand Pratap Tripathi 9958395181
Gaya Prasad Mishra 9670056425
Girish Chandra Shukla 8318859092
Anirudh Singh 9415577807
Avnish Chandra Tripathi 9170009555
Krishna Mohan Pandey 9793086440
Aaditya Dhar Dweevedi 7054099116
Amit Singh (Sengar) 8726307979


Ref. No. ........................  Dated : ........28.08.2025...

माननीय न्यायमूर्ति श्री तेज प्रताप तिवारी ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर है जहां काटजू जी और कन्हैया लाल मिश्रा जी जैसी विभूतियां रहीं हैं।

माननीय न्यायमूर्ति श्री मदन पाल सिंह ने बार एसोसिएशन का आभार जताया।

**महासचिव श्री अखिलेश कुमार शर्मा** ने माननीय सभी माननीय न्यायमूर्तिगण का आभार एवं कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि दशकों पुरानी चली आ रही परम्परा के अनुक्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद में इस तरह के कार्यक्रमों का सम्पादन होता रहा है। इसके साथ ही साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों से बार एवं बेंच के बीच और अधिक सम्बन्ध बढ़ाने में यह एक सार्थक व सराहनीय पहल है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के **अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डे, वरिष्ठ अधिवक्ता** ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन ने कहा कि इस ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में सभी माननीय न्यायमूर्तिगण का अपना अमूल्य समय प्रदान किये। इसके लिए हम सभी हृदय से आभारी हैं। आपसी सम्बन्ध कायम रखने का यही अवसर होता है और ऐसा प्रतीत भी हो रहा है। इस माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित मुकदमों की संख्या से बार एवं बेंच सभी के ऊपर किसी न किसी प्रकार का दबाव है।

कार्यक्रम के अंत में **वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कमलेश कुमार द्विवेदी (के.के. द्विवेदी)** द्वारा सभी माननीय न्यायमूर्तिगण व उपस्थित सभी सम्मानित अधिवक्तागण का आभार/धन्यवाद प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

उक्त अवसर पर श्री कमलेश कुमार द्विवेदी (के.के. द्विवेदी) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सर्वश्री अमित कुमार सिंह (सोनू), विवेक मिश्र, राज कुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र, दिनेश वरूण (उपाध्यक्षगण), बैरिस्टर सिंह (संयुक्त सचिव, प्रशासन), शशि कुमार द्विवेदी (उग्र) (संयुक्त सचिव लाइब्रेरी), रामेश्वर दत्त पाण्डेय (आर.डी.) (संयुक्त सचिव प्रेस), बिन्दु कुमारी (संयुक्त सचिव, महिला), अंजनी कुमार मिश्र (कोषाध्यक्ष), अंजली सिंह तोमर, कनक कुमार त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, बलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता, अखण्ड प्रताप त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्र, गिरीश चन्द्र शुक्ला, अनिरुद्ध सिंह, अवनीश चन्द्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, आदित्य धर द्विवेदी एवं अमित सिंह (सेंगर) (कार्यकारिणी सदस्यगण) सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

*हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद द्वारा माननीय मुख्य न्यायमूर्ति, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली को इस आशय का पत्र भी लिखा गया जिसके माध्यम से मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्यायमूर्तिगण की रिक्त पदों, जो बहुत अधिक समय से लम्बित है, के कारण अधिवक्ताओं को पेश आने वाली परेशानियों से अवगत कराया तथा कोलेजियम प्रणाली में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानान्तरण में पारदर्शिता अपनाने तथा ऐसे प्रोटोकाल बनाए जाने के लिए लिखा गया जो प्रणाली में विश्वास और भरोसा जगाएँ। पत्र के माध्यम से मा0 मुख्य न्यायमूर्ति, सर्वोच्च न्यायालय को यह भी अवगत कराया गया कि माननीय न्यायमूर्तियों के स्थानान्तरण और फिर प्रत्यावर्तन, स्थानान्तरण में तर्कहीनता, समय पर न्यायाधीशों की नियुक्ति में विफलता, सर्वश्रेष्ठ न्यायाधीशों का चयन करने में बार एसोसिएशन से परामर्श करने में प्रणाली की विफलता न केवल परेशान करने वाली है बल्कि कोलेजियम प्रणाली की नींव के लिए भी खतरा है।*

इस आशय की विज्ञप्ति **संयुक्त सचिव प्रेस, रामेश्वर दत्त पाण्डेय "आर.डी."** एडवोकेट, हाईकोर्ट, इलाहाबाद द्वारा जारी की गयी।

(रामेश्वर दत्त पाण्डेय "आर.डी.")
संयुक्त सचिव (प्रेस)

Rameshwar Dutt Pandey
Advocate
Joint Secretary (Press)
High Court Bar Association
Allahabad


**Website :** www.hcbaallahabad2018.in | **Email :** highcourtbaralld@gmail.com
**Phone :** 0532-2402404 | **Fax :** 0532-2420404